कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पुरोला
Office of the Executive Engineer, Public Works Department, Purola
E-Mail ID-eepwdpurola@rediffmail.com
दुरभाष / फैक्स संख्या 01373-223324

पत्रांकः- 1294/वनभूमि                    दिनाँकः- 06/11/2020

सेवामें,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
इन्दिरानगर, फॉरेस्ट कॉलोनी,
देहरादून।

विषय :- जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड मोरी में मियागाड से कुनारा तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 2.8175 हे0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भ :- प्रस्ताव सं0 FP/UK/Road/37269/2018 पर प्राप्त **EDS** आपत्ति दिनांक 04-11-2019

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के अनुपालन में लगाई गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण निम्न प्रकार है –

| S | EDS Objections | Response |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्ताव के विषय सूची में प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्रों की पृष्ठ संख्या अंकित नहीं है – | प्रस्ताव के विषयसूची में प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्रों की पृष्ठ संख्या अंकित कर ली गयी है। |
| 2 | एफ0आर0ए0 प्रमाण पत्रों को क्रमवार मूल में संलग्न करें। | एफ0आर0ए0 प्रमाण पत्रों को क्रमवार मूल में संलग्न किया गया है। |
| 3 | डिजिटल एवं जियो रिफरेंस मानचित्र में वैकल्पिक समरेखण को भी दर्शाया जाय। | डिजिटल एवं जियो रिफरेंस मानचित्र में वैकल्पिक समरेखण को भी दर्शाया गया है। |
| 4 | प्रस्ताव की वित्तीय स्वीकृति एवं प्रेषित प्रस्ताव में परियोजना के नाम में एक रूपता अंकित करें। | प्रस्ताव की वित्तीय स्वीकृति एवं प्रेषित प्रस्ताव में परियोजना के नाम में एक रूपता रखी गयी है। |
| 5 | जिस मुख्य मार्ग से प्रस्तावित मार्ग निर्मित किया जाना है। उस मार्ग के भारत सरकार की स्वीकृति प्रस्ताव में संलग्न करें एवं तद्नुसार मानचित्र/ बारचार्ट में भी उसका उल्लेख करें तथा प्रस्तावित मार्ग जिस मुख्य मार्ग से जुड़ा है मानचित्र एवं बारचार्ट में सूचना पूर्ण रूप से भरी जाय। | प्रस्तावित मार्ग मोरी नैटवाड़ सांकरी परिवर्ति समरेखण मोटर मार्ग से निकलता है जिसकी भारत सरकार से विधिवत स्वीकृति पत्रांक 8बी/यू0सी0पी0 /06/193/2006/एफ0सी0/ 717 दिनांक 17-9-2009 द्वारा प्राप्त है। |
| 6 | डिजिटल एवं जियो रिफरेंस मानचित्र में वैकल्पिक समरेखण को भी दर्शाया जाय। | डिजिटल एवं जियो रिफरेंस मानचित्र में वैकल्पिक समरेखण को भी दर्शाया गया है। |
| 7 | जियोरिफरेंस मानचित्र में क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल का नाम एवं क्षेत्रफल भी अंकित करें। | जियोरिफरेंस मानचित्र में क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल का क्षेत्रफल अंकित किया गया है। |
| 8 | परियोजना के औचित्य एवं विवरण में मात्र दो ग्राम लाभान्वित होना दर्शाया गया है जबकि परियोजना के नाम के अनुसार मोरी से मियागाड से कुनारा लाभान्वित होना है। स्थिति स्पष्ट करते हुये पूर्ण जानकारी संलग्न करें। | परियोजना का प्रारम्भिक बिन्दु मियागाड नामक स्थान ग्राम पासा का एक तोक है। परियोजना से दो ग्राम (पासा एवं कुनारा) लाभान्वित होते हैं जिनका विवरण प्रस्ताव में संलग्न है। |
| 9 | क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित दुगने क्षेत्र के खतौनी की नकल संलग्न करें। | क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित दुगने क्षेत्र के खतौनी की नकल प्रस्ताव में संलग्न है। |
| 10 | क्षतिपूरक वृक्षारोपण उपयुक्तता प्रमाण पत्र में क्षेत्र के साथ उसका क्षेत्रफल अंकित करें। | क्षतिपूरक वृक्षारोपण उपयुक्तता प्रमाण पत्र में क्षेत्र के साथ उसका क्षेत्रफल पूर्व ही अंकित है। |
| 11 | प्रस्ताव की मूल प्रति में अधिकाश प्रपत्र छाया प्रति में है। अतः मूल प्रति संलग्न की जाय। | प्रस्ताव की मूल प्रति में समस्त प्रपत्र मूल में संलग्न है। |
| 12 | प्रस्तावित स्थल की राष्ट्रीय पार्क से हवाई दूरी 3.250 कि0मी0 है। अतः उक्त के अनापत्ति के सम्बन्ध में मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक उत्तराखण्ड की संस्तुति/आख्या संलग्न की जाय। | प्रस्तावित स्थल की राष्ट्रीय पार्क से हवाई दूरी 10 कि0मी0 से अधिक है। जिस कारण मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक उत्तराखण्ड की संस्तुति/आख्या की आवश्यकता नहीं है। |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 13 | भारत सरकार द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशो के अनुसार पूर्ण सूचना भी प्रस्ताव में संलग्न करें। | भारत सरकार द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशो के अनुसार ही सूचना भी प्रस्ताव में संलग्न की गयी है। |
| 14 | उपरोक्त के अतिरिक्त ऑनलाइन आपत्तियों का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। | ऑनलाइन आपत्तियो का निराकरण कर लिया गया है। |
| 15 | प्रस्ताव के ऑनलाइन प्रपत्र भाग–1, भाग–11 (प्रभागीय वनाधिकारी की एस0आई0आर0 सहित) भाग–111 तीन प्रतियो में सम्बन्धित के हस्ताक्षर कर प्रेषित करें। | प्रस्ताव के ऑनलाइन प्रपत्र भाग–1, भाग–11 (प्रभागीय वनाधिकारी की एस0आई0आर0 सहित) भाग–111 तीन प्रतियो में सम्बन्धित के हस्ताक्षर कर प्रस्ताव में संलग्न है। |

अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पुरोला

पत्रांक /  तद्दिनांक

प्रतिलिपि
1. प्रभागीय वनाधिकारी, टौंस वन प्रभाग, पुरोला को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पुरोला

Scanned with CamScanner